nt>

12.38 hrs.

(ii) Re: Reported threat to the Indian Cricket Team from a terrorist group in Bangladesh

Title: Alleged threat given by a terrorist organisation of Bangladesh to the Indian cricketers.

श्री सुशील कुमार मोदी (भागलपुर) : अध्यक्ष महोदय, भारतीय क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा प्रस्तावित था। लेकिन बांग्लादेश के हरकत उल जेहाद नाम के एक आतंकवादी संगठन ने भारतीय खिलाड़ियों को जान से मारने की धमकी दी है। यह दौरा 22 दिनों का है। इस दौरे के दौरान दो टैस्ट मैच और तीन एक दिवसीय अंतर्राट्रीय मैच खेले जाने हैं। बांग्लादेश के वित्त मंत्री सैफउर्रहमान ने हरकत उल जेहाद के बारे में कहा है कि यह केवल कागजी संस्था है। लेकिन सच्चाई यह है कि ओसामा बिन लादेन के सहयोग से चार र्वा पूर्व इस संगठन का गठन हुआ था। इसी संगठन ने इस्लामिक हुकूमत लागू करने की घोाणा की थी। बांग्लादेश के एक पत्रकार की भी इसी संगठन ने हत्या की थी और शेख हसीना पर दो बार हमला भी इसी के द्वारा हुआ था। सारा देश इस धमकी से सांसत में है। भारतीय टीम चाहती है कि वह बांग्लादेश जाए और मैच खेले। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि वह सारी स्थिति के बारे में सदन को और देश को अगवत कराए कि कौन लोग हैं, जिन्होंने इस प्रकार की धमकी दी है। अगर हमारे एक भी खिलाड़ी को छूने का प्रयास हुआ, तो उसकी भीाण प्रतिक्रिया पूरे देश में होगी। इसलिए सारे खिलाड़ियों को सुरक्षा प्रदान की जाए। अभी जो एडवांस पार्टी बांग्लादेश गई है, वह सारी सुरक्षा व्यवस्था को देखे, तभी सरकार हमारी टीम को वहां भेजे। भारत सरकार इस बारे में सदन में एक वक्तव्य दे।

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : मुझे भी इस विाय पर कुछ कहना है।

MR. SPEAKER: Had you not been interrupting, I would have called you. But since you are interrupting, you are not getting a chance.

...(*Interruptions*)

श्री सुशील कुमार मोदी : आज देश के सारे खेल प्रेमी निगाहें लगाए बैठे हैं कि भारत और बांग्लादेश के बीच में मैच कब होंगे। वे मैच सफलतापूर्वक सम्पन्न हों, लेकिन हमारे खिलाड़ियों को सर्वोच्च सुरक्षा प्रदान की जाए।

MR. SPEAKER: I have been repeatedly telling the hon. Members that by interrupting each other, they are not helping themselves also. Now if I do not call you then, you cannot blame me because you are already interrupting. Mr. Rawale, you have to associate only.

श्री मोहन रावले : अध्यक्ष जी, बंगला देश का निर्माण पाकिस्तान की वजह से हुआ। कुछ र्वा पहले बंगला देश के लोगों ने भारतीय जवानों को मार डाला था। आज जैसा माननीय मोदी जी ने कहा कि उत्तर पूर्व में भी बंगला देश का टैरेरिज्म चल रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि वहां लोगों को सरकार क्या सुरक्षा दे रही है? हमारे संसदीय कार्य मंत्री माननीय गुलाम नबी आजाद जी यहां बैठे हुए हैं, हमारी उनसे मांग है कि जब तक पाकिस्तान में टैरेरिज्म खत्म नहीं हो जाता, बंगला देश में टैरेरिज्म खत्म नहीं हो जाता, हमें अपनी टीम इन देशों में नहीं भेजनी चाहिए।

श्री रघुनाथ झा : अध्यक्ष जी, मैंने भी नोटिस दिया है।

अध्यक्ष महोदय : आपका नोटिस मुझे अभी मिला है।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : माननीय आजाद जी, आप बताएं कि यह दौरा होगा या नहीं होगा?

MR. SPEAKER: I cannot force them.

संसदीय कार्य मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : महोदय, माननीय स्पोर्ट्स मिनिस्टर साहब के ध्यान में यह बात है और उन्होंने पहले ही कह दिया है कि वे इसे देख रहे हैं।